डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,उत्तर प्रदेश
सेक्टर–11 जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, लखनऊ–226031

पत्रांकःए0के0टी0यू0 / प0नि0का / 2022 / 5894 दिनांकः 13 / 06 / 2022

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थाएं।

विषयः शैक्षिक सत्र 2021–22 के सम सेमेस्टर की परीक्षा में अनुचित साधन प्रयोग (UFM) के अन्तर्गत आने वाले छात्रों के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2021–22 सम सेमेस्टर की परीक्षाएं जो दिनांक 04.06.2022 से दिनांक 11.06.2022 के मध्य समाप्त हो चुकी है उनमें जो छात्र / छात्रा अनुचित साधन प्रयोग (UFM) के अन्तर्गत पाये गये वह छात्र / छात्रा प्रार्थना पत्र द्वारा अपना स्पष्टीकरण दिनांक 21.06.2022 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के ई–मेल **aktuufm@gmail.com** पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें। ताकि छात्रों के परीक्षाफल के संबंध में समिति द्वारा प्रस्तुत पक्ष का अवलोकन कर यथोचित निर्णय लिया जा सके। यदि उक्त छात्रों द्वारा उक्त निर्धारित तिथि के अंदर अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो यह मान लिया जायेगा कि संबंधित छात्रों को कुछ नहीं कहना है। साथ ही अवगत कराना है कि **स्पष्टीकरण देते समय अनुक्रमांक एवं संबंधित विषय कोड अवश्य लिखा जाय और ई–मेल एक ही बार किया जाय। दिनांक 12.06.2022 से 25.06.2022 के मध्य आयोजित परीक्षाओं के लिये सर्कुलर पृथक से जारी किया जाएगा।**

अतः आपसे अनुरोध है कि संबंधित छात्र / छात्रा को सूचित करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

Anurag Tripathi 13/06/22

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक–उपरोक्त ।

प्रतिलिपिः–

1. कुल सचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, डॉ0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
4. प्रभारी, स्टूडेंट सेल, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक